मकड़ी के जाल पर कुरआन (2 का भाग 1)

रेटिंग:

विवरण:

द्वारा: IslamReligion.com

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

"जो लोग ईश्वर को छोड़कर दूसरों को पूज रहे हैं, उनकी मिसाल मकड़ी जैसी है जो अपना एक घर बनाती है और सब घरों से ज्यादा कमजोर घर मकड़ी का ही होता है। काश के लोग ये जानते।" (कुरआन 29:41)

कुरआन का यह छंद 29वें अध्याय अल-अंकबूत का है। इसमें ईश्वर बताता है कि सभी घरों में सबसे कमजोर मकड़ी का घर है। अरबी भाषा में "अहवान" शब्द का मतलब "सबसे कमजोर" होता है; और इसको गहराई से समझने पर पता चलता है कि इसका अर्थ है शारीरिक और मानसिक रूप से गंभीर कमजोरी और लाचारी।

20वीं और 21वीं सदी में प्रकृति और वन्य जीवन के अध्ययन के विस्तार के साथ प्रकृतिवादियों और वैज्ञानिकों ने मकड़ियों के जीवन के बारे मे वास्तव में विचित्र चीज़ों का खुलासा किया, उनको लिखा और वीडियो बनाया है।

यौन नरभक्षण

मकड़ियों की 45,000 से अधिक ज्ञात प्रजातियों में यह बहुत आम है कि मादा मकड़ियां नर मकड़ियों को मार देती हैं और खा जाती हैं[1]; जिसे यौन नरभक्षण कहा जाता है। ये ऐसा क्यों करती हैं इसका पता नहीं चला है, हालांकि, वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया एक सिद्धांत यह है कि नर का शरीर से मादा को बहुत आवश्यक पोषक तत्व मिलता है जो उसे स्वस्थ अंडे देने में सक्षम बनाता है। स्पेन के

एक्सपेरिमेंटल स्टेशन ऑफ़ एरिड ज़ोन के एक अध्ययन से पता चला है कि अधिकांश मकड़ी प्रजातियों में आक्रामक मादाएं अपने साथी को बिना सोचे समझे मार देती हैं भले ही नर कमजोर हो या नहीं।[2] कई प्रजातियों में मादा मकड़ियां उन संभावित साथियों को भी मार देती हैं जिनके साथ संभोग करने में उनकी रुचि नहीं होती है।[3]

कैनबिल जंपिंग स्पाइडर - सौजन्य से: शॉन एम. वाइल्डर

डार्क फिशिंग मकड़ी जैसी मकड़ी की कुछ प्रजातियों मे नर मकड़ी आंतरिक कारणों से संभोग के बाद खुद ही मर जाते हैं और फिर मादा मकड़ी उन्हें क्रूरता से खा जाती है।[4] अन्य नर मकड़ी की प्रजातियां केवल कुछ ही बार संभोग करने के बाद अपने आप मर जाती हैं और अधिकांश प्रजातियों में मादा नर से अधिक समय तक जीवित रहती हैं; नर मकड़ियां केवल कुछ महीनों तक जीवित रहते हैं और मादा कुछ वर्षों तक।

संभोग करने और जीवित बचने के बाद छोटे आकार के नर मकड़ी मादा मकड़ी की नरभक्षी प्रवृत्ति को जानते हैं और वे अपनी जान बचाने के लिए तुरंत भाग जाते हैं[5]और मादा को कुछ दर्जन से लेकर लगभग एक हजार अंडे की देखरेख के लिए अकेले छोड़ देते हैं। ब्राज़ीलियन वांडरिंग मकड़ियों मे ऐसा ही होता है।

मकड़ियों के घातक संभोग नियमों में एक नया मोड़ तब आया जब 2013 में चेक गणराज्य के मासारिक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता लेंका सेंटेंस्का और स्टैनो पेकर द्वारा जारी एक अध्ययन में पाया गया कि ब्लैक विडो मकड़ियों की माइक्रोरिया सोसिएबिलिस प्रजाति में मादा और पुरुष दोनों संभोग के बाद आमतौर पर एक दूसरे को मारते हैं और खा जाते हैं; और इस विशिष्ट प्रजाति में, जो पहले से माना जाता था उसके विपरीत, नर मकड़ियां मादा मकड़ियों की तुलना में अधिक अपने जीवनसाथी को मारती और खाती हैं।[6]

नवजात मकड़ियों का जीवन

अधिकांश प्रजातियों में नवजात मकड़ियों के पास केवल उनकी मां होती है जो उन्हें खिलाती हैं और उनकी रक्षा करती हैं। जब भोजन की कमी हो जाती है तो माँ को मज़बूरी मे बच्चों को अपने अंडे

खिलाने पड़ते है; इसलिए एक युवा मकड़ी को जीवित रहने के लिए अपने ही अजन्मे भाइयों और बहनों को खाना पड़ता है।[7]

जब खाने के लिए अंडे खत्म हो जाते हैं और मां को पर्याप्त कीड़े-मकौड़े नहीं मिलते तो एक सामान्य अवलोकन यह है कि मकड़ी के बच्चे हताशा में नरभक्षी हो जाते हैं एक दूसरे को खाने लगते हैं और छोटा मकड़ी का जाल एक नरसंहार के पिंजिरे में बदल जाता है। असहाय माँ भी जिन्दा रहने के लिए आमतौर पर अपने ही बच्चे को मारने और खाने लगती है।

फुटनोट:

[1] पप्पस, स्टेफ़नी। जून 2016। नर ओर्ब-वेब मकड़ी अपने नरभक्षी साथी को खुद चुनते हैं। लाइव साइंस। यहां से लिया गया है http://www.livescience.com/54944-male-orb-web-spiders-choosy-about-cannibal-mate.html

[2] गैनन, मेगन। अप्रैल 2014। भोजन बनाम संभोग: कुछ मादा मकड़ियां संभोग से पहले नर को क्यों खा जाती हैं। लाइव साइंस। यहां से लिया ग है http://www.livescience.com/45066-virgin-female-spiders-eat-males.html

[3] गैनन, मेगन। अप्रैल 2014। भोजन बनाम संभोग: कुछ मादा मकड़ियां संभोग से पहले नर को क्यों खा जाती हैं। लाइव साइंस। यहां से लिया ग है http://www.livescience.com/45066-virgin-female-spiders-eat-males.html

[4] लुईस, तान्या। जून 2013। मुश्किल प्यार: नर मकड़ियां संभोग के लिए मर जाते हैं। लाइव साइंस। यहां से लिया गया है http://www.livescience.com/37536-spiders-die-for-sex.html

[5] सज़ाले, जेसी। दिसंबर 2014 टारेंटयुला तथ्य। *???? ?????*। यहां से लिया गया है http://www.livescience.com/39963-tarantula.html

[6] कैडयिक्स-शॉ, ललियिन। मई 2013। अध्ययन: नर ब्लैक विडो मकड़ियां भी अपने साथी को खा जाते हैं। कनाडाई भौगोलिक। यहां से लिया गया है http://www.canadiangeographic.ca/article/study-male-black-widow-spiders-eat-their-mates-too

[7] एंगलहॉप्ट, एरिका। फरवरी 2014। कुछ जानवर... तथ्य। *??????? ??????*। यहां से लिया गया है https://www.sciencenews.org/blog/gory-details/some-animals-eat-their-moms-and-other-cannibalism-facts

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/11084

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।